भारत सरकार

वस्त्र मंत्रालय

राज्य सभा

अतारांकित प्रश्न संख्या 3480

25 मार्च, 2021 को जवाब दिया

बुनकरों के कौशल को बढ़ाने हेतु प्रशिक्षण

3480. श्री नीरज डांगी:

क्या वस्त्र मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) क्या सरकार की बुनकरों को आधुनिक कौशल प्रशिक्षण प्रदान करने की कोई योजना है; और

(ख) यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है;

(ग) विगत तीन वर्षों के दौरान कितने बुनकरों को कौशल प्रशिक्षण प्रदान किया गया है, तत्संबंधी राज्य-वार ब्यौरा क्या है;

(घ) किन संस्थानों के साथ कौशल प्रशिक्षण के लिए अनुबंध पर हस्ताक्षर किये गये; और

(ड.) राजस्थान में कितने बुनकरों को कौशल प्रशिक्षण प्रदान किया गया है और किन संस्थानों के साथ अनुबंध पर हस्ताक्षर किए गए हैं, तत्संबंधी जिला -वार ब्यौरा क्या है?

उत्तर

वस्त्र मंत्री

(श्रीमती स्मृति ज़ूबिन इरानी)

(क) से (ड): कौशल उन्नयन एक सतत प्रक्रिया है। पूर्व में तकनीकी क्षेत्रों अर्थात बुनाई, रंगाई, डिजाइनिंग आदि में हथकरघा कामगारों के लिए राष्ट्रीय हथकरघा विकास कार्यक्रम (एनएचडीपी), व्यापक हथकरघा क्लस्टर विकास योजना (सीएचसीडीएस) के तहत आवश्यकता-आधारित कौशल उन्नयन कार्यक्रम आयोजित किए जाते थे और अब समर्थ- वस्त्र क्षेत्र में क्षमता निर्माण के तहत कार्यक्रम आयोजित किए जाते हैं। वस्त्र मंत्रालय के प्रशासनिक नियंत्रण के तहत देश में 28 बुनकर सेवा केंद्रों (डब्ल्यूएससी) के माध्यम से हथकरघा कामगारों हेतु प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित किए जाते हैं। वित्तीय वर्ष 2017-18 से 2019-20 तक राजस्थान राज्य सहित कौशल उन्नयन प्रशिक्षण में भाग लेने वाले डब्ल्यूएससी की सूची और हथकरघा कामगारों की संख्या का राज्य-वार ब्यौरा क्रमशः अनुबंध- **I** और **II** के रूप में संलग्न है।

अनुबंध - I

बुनकर सेवा केंद्रों (डब्ल्यूएससी) की सूची

क्र.सं.	राज्य/यूटी	बुनकर सेवा केंद्रों का स्थान
1	आंध्र प्रदेश	विजयवाड़ा
2	असम	गुवाहाटी
3	बिहार	भागलपुर
4	छत्तीसगढ	रायगढ़
5	दिल्ली	दिल्ली
	हिमाचल प्रदेश	कुल्लू में दिल्ली का विस्तार केंद्र
6	गुजरात	अहमदाबाद
7	हरयाणा	पानीपत
8	जम्मू और कश्मीर	श्रीनगर
9	झारखंड	रांची
10	कर्नाटक	बेंगलुरु
11	केरल	कन्नूर
12	महाराष्ट्र	मुंबई
13		नागपुर
14	मध्य प्रदेश	इंदौर
15	मणिपुर	इंफाल
16	मिजोरम	आइजोल
17	नगालैंड	दीमापुर
18	ओडिशा	भुवनेश्वर
19	राजस्थान	जयपुर
20	उतार प्रदेश	वाराणसी
21		मेरठ
22	उत्तराखंड	चमोली
23	तमिलनाडु	चेन्नई
24		सलेम
25		कांचीपुरम
26	तेलंगाना	हैदराबाद
27	त्रिपुरा	अगरतला
28	पश्चिम बंगाल	कोलकाता

अनुबंध -II

पिछले तीन वर्षों (2017-18 से 2019-20 तक) के दौरान कौशल उन्नयन प्रशिक्षण में भाग लेने वाले हथकरघा कामगारों का राज्य-वार विवरण

क्र.सं.	राज्य/यूटी	हथकरघा कामगारों की सं.
1.	आंध्र प्रदेश	2460
2.	अरुणाचल प्रदेश	460
3.	असम	5800
4.	बिहार	494
5.	छत्तीसगढ	240
6.	गुजरात	260
7.	हिमाचल प्रदेश	839
8.	जम्मू और कश्मीर	731
9.	झारखंड	500
10.	कर्नाटक	540
11.	केरल	600
12.	महाराष्ट्र	460
13.	मणिपुर	1460
14.	मिजोरम	120
15.	नगालैंड	640
16.	ओडिशा	1720
17.	पंजाब	20
18.	राजस्थान	100
19.	तमिलनाडु	2318
20.	तेलंगाना	260
21.	त्रिपुरा	60
22.	उतार प्रदेश	3060
23.	उत्तराखंड	117
24.	पश्चिम बंगाल	480
	कुल	**23739**

***